न्यूज़ ब्रीफ

राष्ट्रीय समन्वयक का स्वागत

कोटा | पूर्व मंत्री मदन दिलावर को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का राष्ट्रीय समन्वयक बनने के बाद पहली बार कोटा आने पर नयापुरा विवेकानंद चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। वरिष्ठ भाजपा नेता रिछपाल पारीक ने बताया कि मदन दिलावर पार्टी के निष्ठावान व ईमानदार कार्यकर्ता है। स्वागत करने वालो में डा गोपाल सिंह भाटी, पूर्व पार्षद गिरिराज नायक, पंकज साहू, पवन पारीक, घनश्याम कुमावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन 10 को

कोटा | अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद का सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन 10 सितंबर को हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। परिषद कोटा इकाई के सचिव शैलेष जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के संघचालक मोहन भागवत रहेंगे। कार्यक्रम में सदस्य मनोज गौतम, संजय शर्मा, रामबाबू मालव , हरीश शर्मा, मोहन मालव और संजय राठौर मौजूद रहेंगे। वे 8 सितंबर को कोटा से रवाना होंगे।

शहीद हमीद स्मृति कार्यक्रम 10 को

कोटा | शहीद कैप्टन अब्दुल हमीद की शहादत दिवस पर अंटाघर चौराहा स्थित शहीद स्मारक पर 10 सितंबर को शाम 4 बजे शहीदों को अकीदत पेश करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। खिदमत आर्गेनाइजेशन के हाफिज अब्दुल रशीद कादरी ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव, राजस्थान के सहप्रभारी व उत्तराखंड के अजय विजेयता विधायक काजी निजामुद्दीन मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

एनएफआईआर दिल्ली के अध्यक्ष को ज्ञापन

कोटा | अरुण शर्मा, बीएन गुप्ता, और संजीव रंजन मिश्रा सहित अन्य रेलवे कर्मचारियों ने कोटा रेल विहार योजना में अनियमितताओं को लेकर एनएफआईआर दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. राघवैया को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि इंडियन रेलवे वेलफेयर का यह प्रोजेक्ट चार साल से भी ज्यादा विलंब हो चुका है। आज तक 2 बीएचके का निर्माण कार्य भी शुरू नहीं हुआ है। जबकि पैसे मांगने का पत्र भेजा जा रहा है।

कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 10 को

कोटा | भारतीय मजदूर संघ के तत्वावधान में जयपुर विद्युत वितरण श्रमिक संघ का शपथ ग्रहण समारोह 10 सितंबर को सुबह दस बजे भीतरिया कुंड पर आयोजित किया गया है। संघ के हरिओम नामा ने बताया कि कार्यक्रम में विधायक प्रहलाद गुंजल, विद्याशंकर नंदवाना, हितेन्द्र शर्मा, जगमोहन शर्मा व संघ के सुरेश बागड़ी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

कलेक्टर और डीईओ कोर्ट में तलब

कोटा | वकील ने निजी स्कूलों को आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत कराने की मांग के लिए कोर्ट में याचिका पेश की है। इस पर कोर्ट ने कलेक्टर, प्रारंभिक ओर माध्यमिक शिक्षा के जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर उन्हें 4 अक्टूबर को बुलाया है। इसमें बताया कि सरकार की ओर से वर्षों से मान्यताप्राप्त निजी स्कूल है। परंतु आरटीई पोर्टल पर पंजीकृत नहीं है।

मीटिंग | कलेक्टर ने समीक्षा की, अधिकारियों ने कहा एक साथ कनेक्शन पर नहीं लगेगा शुल्क

घर-घर सीएनजी सप्लाई के लिए बना प्लान

सिटी रिपोर्टर | कोटा

घर-घर गैस सप्लाई के साथ शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने, यातायात वाहनों, औद्योगिक क्षेत्रों के लिए सीएनजी गैस वितरण का तंत्र विकसित करना कोटा के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। यह बात कलेक्टर रोहित गुप्ता ने गुरुवार को समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने घर-घर गैस सप्लाई के लिए पाइप लाइन डालते समय गुणवत्ता के साथ यूआईटी एवं नगर निगम के समन्वय से क्षतिग्रस्त लाइनों की मरम्मत को समय पर पूरा करने के लिए प्लान तैयार करने, उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में जमा कराए गए रुपए वापस करवाकर नए सिरे से आवेदन लेने एवं जनजागरूकता के लिए कार्यक्रम चलाने के भी निर्देश दिए।

इस अवसर पर महापौर ने कहा कि पाइप लाइन के लिए सड़क खोदने से पहले निगम से अनुमति लेना जरूरी है। साथ ही क्षतिग्रस्त रोड की मरम्मत के लिए भी समयबद्ध कार्य कराएं, जिससे जनता को परेशानी न हो। यूआईटी अध्यक्ष आरके मेहता ने आवासीय क्षेत्रों का चयन कर अभियान के रूप में लोगों को कनेक्शन जारी करने का सुझाव दिया। राजस्थान राज्य गैस लि. के एमडी रवि अग्रवाल ने बताया कि शहर में क्रमबद्ध रूप से सीएनजी गैस सप्लाई के लिए नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिसकी प्लानिंग कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 3 हजार कनेक्शन का लक्ष्य रखा गया है। यातायात के साधनों बस, ऑटो में भी गैस किट लगाकर सीएनजी में परिवर्तन करने का कार्य किया जाएगा, इसके लिए सीएनजी पम्प स्थापित किए जा चुके हैं।

उन्होंने बताया कि घर-घर में गैस पाइप लाइन से गैस सप्लाई में किसी तरह की दुर्घटना की संभावना नहीं है। वॉल सिस्टम के साथ-साथ सुरक्षा के मानकों का उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन डाली जाएगी उसमें एक साथ सभी परिवारों को कनेक्शन लेने पर किसी भी प्रकार का अतिरिक्त चार्ज नहीं लिया जाएगा। बाद में आवेदन किए जाने पर प्रति कनेक्शन अतिरिक्त चार्ज उपभोक्ता को देना होगा। नगर निगम के एसई प्रेमशंकर शर्मा ने बताया कि पिछली बार सड़क मरम्मत कार्य में लापरवाही पर आमजनता को परेशानी का सामना करना पड़ा था, इस बार समन्वय से कार्य किया जाए जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं रहे। बैठक में यूआईटी सचिव आनंदीलाल वैष्णव, एएसपी अनंत कुमार, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अमित शर्मा सहित राजस्थान राज्य गैस लि. के आरके मीणा, बीके चतुर्वेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पर्यटकों को लाने के लिए सामूहिक पहल की जरूरत

इधर, पर्यटन विकास सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्टर रोहित गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शहर में हैरिटेज वॉक का मार्ग चिह्नित करने, पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए अग्रेसिव मार्केटिंग करने व बर्ड फेयर आयोजित करने जैसे निर्णय लिए गए। गुप्ता ने कहा कि कोटा में पर्यटन विकास की विपुल संभावनाएं हैं, सरकारी स्तर पर पहल के साथ साथ पर्यटन व्यवसाय से जुड़े संगठनों को भी मिलकर पहल करनी होगी। जिससे बाहर के पर्यटक आ सके। उन्होंने कहा कि कोटा में आने वाले समय में टाइगर रिजर्व में टाइगर छोड़े जाएंगे। चंबल घड़ियाल सेंचुरी, सैकड़ों प्रजातियों के पक्षी यहां पर्यटन की गतिविधियां के लिए आने वाले समय में महत्वपूर्ण साबित होंगे। उन्होंने यहां के ऐतिहासिक धरोहरों को सूचीबद्ध कर पर्यटकों के सामने लाने के लिए संयुक्त पहल करने की आवश्यकता बताई।

कलेक्टर गुप्ता ने कहा कि कोटा चंबल फेस्टिवल में इस प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जाए, जिससे अधिक से अधिक से लोग इसमें भागीदारी निभा सके। उन्होंने नगर निगम और यूआईटी के अधिकारियों को पर्यटन विकास के लिए सभी काम जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर में हैरिटेज वॉक के लिए मार्ग को चिह्नित करने, शहर के ऐतिहासिक द्वारों पर रंग रोगन करवाकर नाम लिखकर रोशन की व्यवस्था करने आदि के भी आदेश दिए। मीटिंग में सभी ऐतिहासिक इमारतों के डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित करने, ग्रामीण हाट का विकास करने व डिजिटल म्यूजियम के माध्यम से प्रदेश के पर्यटक स्थलों, किले, महलों को प्रदर्शित करने के लिए स्थान चिह्नित करने की बात कही। किशोर सागर में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट शुरू करवाने के संबंध में भी आदेश दिए। उपनिदेशक पर्यटन मधुसूदन सिंह ने पर्यटन विकास के लिए तैयार योजना की जानकारी दी। सहायक पर्यटन अधिकारी संदीप श्रीवास्तव ने पिछली बैठकों में लिए गए निर्णयों की पालना की जानकारी दी।

फोर मी मोबाइल के चैनल पार्टनर राशि एंटरप्राइजेज

बिजनेस प्लस

कोटा | फोर मी मोबाइल ने कोटा जिले के लिए राशि एंटरप्राइजेज को अपना चैनल पार्टनर बनाया है। इस अवसर पर कंपनी प्रतिनिधियों ने बताया कि कंपनी आम जनता के लिए उनके बजट के अनुसार स्मार्ट और अनेक विशेषताओं वाले मोबाइल हैंडसेट शीघ्र ही मार्केट में लाने जा रही है। कंपनी 4 जी स्मार्टफोन भी लांच करने वाली है जिनकी कीमत 3 हजार होगी।

एक्सेल टीवीएस पर नए मॉडल की लॉन्चिंग

कोटा | बालाकुंड रोड स्थित एक्सेल टीवीएस की नई ब्रांच पर जुपिटर क्लासिक एवं स्टार सिटी ड्यूल टोन वेरिएंट लॉन्च की। एक्सेल टीवीएस के निदेशक वरुण अग्रवाल ने बताया कि जुपिटर क्लासिक की लुकिंग एवं फीचर्स से कस्टमर बहुत प्रभावित हुए। लॉन्चिंग के अवसर पर एक्सेल टीवीएस द्वारा 5 बुकिंग की गई। कंपनी द्वारा 11 सितम्बर से जुपिटर चैलेंज एक्टिविटी आयोजित करवाई जाएगी।

50 प्रतिशत की छूट

घोड़े वाले बाबा चौराहे पर स्थित लिबर्टी शूज की सेल का शनिवार को अंतिम दिन है। यहां 50 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है।

SBI | I L Township, Kota Branch

(RULE - 8 (1) POSSESSION NOTICE
(For Immovable Property)

Whereas,

The undersigned being the Authorized Officer of the State Bank of India under Securitization and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of the powers conferred under section 13 (12) read with Rule 3 of the Security Interes (Enforcement) Rules, 2002 issued a Demand Notice dated **01.03.2017** calling upon the Borrower **Shri Praveen Kumar Ajitsaria & Shri Pradeep Kumar Ajitsaria (Partners)/ M/s. Shree Hanuman Industries, Plot No. B-96 (II), Road No.2, Indraprastha Industrial Area, Kota** to repay the amount mentioned in the notice being **Rs. 3,11,80,628/-** and interest from **27.02.2017** (Date) **(Rupees Three Crore Eleven lac Eighty Thousand Six Hundred Twenty Eight only)** within 60 days from the date of receipt of the said notice.

The Borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrower/Guarantor and the public in general that the undersigned has taken indicative possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said rules on this **04th day of SEP. of the year 2017.**

The Borrower/Guarantor in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the State Bank of India for an amount of **Rs. 3,11,80,628/-** and further interest from **27.02.2017** (Date), costs, etc. thereon.

Description Of The Immovable Property

Property owned by :- All that part and parcel of the property consisting of Flat No./Plot **No B-96 (II), Road No. 2, Indraprastha Industrial Area, Kota** in survey No./City or Town Survey No./Khasra No....... within the registration sub-district............ and district **Kota (Rajasthan).**

Bounded :-
On the North by : **RIICO Road** | On the South by : **Plot No. B-95**
On the East by : **Plot No. B-96 (I)** | On the West by : **Plot No. B-96 (III)**

Date : 04.09.2017 | **(Authorised Officer), State Bank of India**

जापानी-M कैप्सूल (पुरुषों के लिए)

जापानी-F कैप्सूल (महिलाओं के लिए)

www.japanicapsule.com

शौकीन लोग भी इस्तेमाल करके असर देखें

शुद्ध जड़ी-बूटियों तथा भारतवर्ष की गरीमामयी वर्षों पुरानी आयुर्वेद पद्धति के बेजोड़ मिश्रण से बना एक ऐसा लोकप्रिय उत्पाद, जो आपके शरीर में शक्ति व स्फूर्ति बनायें रखता है जिससे आप उर्जा, क्षमता व ताकत का एहसास महसूस करेंगें।

एक सुबह और एक शाम रोज खाया करें

सभी मेडीकल एवं आयुर्वेदिक स्टोर्स पर उपलब्ध

100% आयुर्वेदिक

ज्यादा अच्छे परिणाम हेतु पुरुष जापानी-M कैप्सूल के साथ में जापानी तेल का भी नियमित इस्तेमाल करें।

हैल्पलाईन: 09644576368, 09644290175

Sanjivani Ayurvedashram
ISO 9001:2008, HACCP & World Health Organisation-GMP Certified

सैक्स समस्याएं
वैवाहिक जीवन को रखें खुशहाल
छोटा अंग निराश क्यों?
फ्री

www.sexclinics.in
01204848000

दिल की हर बात
बांटें हमारे साथ

दैनिक भास्कर
लिव पॉज़िटिव

iCALL
022-25521111
MONDAY TO SATURDAY 8 AM TO 10 PM

khushi

CITY mall